सत्यमेव जयते

# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## द्वितीय सत्र

## तारांकित प्रश्न

वर्ग-2

मंगलवार, तिथि 08 चैत्र, 1933 (श०) / 29 मार्च, 2011 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या—147

| | |
|---|---|
| (1) प्राथमिक शिक्षा विभाग | 33 |
| (2) माध्यमिक शिक्षा विभाग | 38 |
| (3) अनुसूचित जाति एवं जन-जाति कल्याण विभाग | 12 |
| (4) परिवहन विभाग | 07 |
| (5) पर्यावरण एवं वन विभाग | 05 |
| (6) खान एवं भूतत्व विभाग | 02 |
| (7) उच्च शिक्षा विभाग | 17 |
| (8) कला, संस्कृति एवं युवा कल्याण विभाग | 10 |
| (9) समाज कल्याण विभाग | 12 |
| (10) निबंधन विभाग | 04 |
| (11) उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग | 01 |
| (12) विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग | 05 |
| (13) पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग | 01 |
| कुल योग | 147 |

उत्पात से निजात

*1973. श्री अरुण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी प्रखण्ड के महिनाथपुर एवं जोंकी पंचायतों के किसानों का फसल बन्दरों के उत्पात से बर्बाद हो जाती है जिसके कारण किसानों को भारी क्षति हो रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पंचायत के किसानों को बन्दरों के उत्पात से निजात दिलाने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

भवन का निर्माण

*1974. श्री उमाकान्त यादव--क्या मंत्री, निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बाबूबरही निबंधन कार्यालय भवनविहिन रहने के कारण निबंधन कार्यों के संचालन करने में अत्यधिक कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार भवनविहिन निबंधन कार्यालय में भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

व्यवस्था दुरुस्त करना

*1975. श्री नितिन नवीन--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सांस्कृतिक आयोजनों के लिए पटना शहर में चार केन्द्र एस०के० मेमोरियल हॉल, भारतीय नृत्य कला मंदिर, मुक्ताकाश मंच तथा विद्यापति भवन है;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त चारों केन्द्रों में भवन, कुर्सियां, छत, शौचालय, पानी-टंकी, मंच सहित सभी आधारभूत संरचानाएं जर्जर हो गई हैं, जिनके कारण आयोजन के समय आयोजकों एवं दर्शकों को कठिनाई होती है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सांस्कृतिक केन्द्रों की व्यवस्था दुरुस्त करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

रात्रि प्रहरी की नियुक्ति

*1976. श्री जनार्दन मांझी--क्या मंत्री, मानव संसाधन (मा०शिक्षा) विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत सभी +2 उच्च विद्यालयों में कीमती सामग्री, विज्ञान समान, कम्प्यूटर, बैंच, पंखा, जेनेरेटर, अलमीरा रहती है, लेकिन इसकी सुरक्षा हेतु रात्रि प्रहरी की व्यवस्था नहीं की गयी है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बांका जिलान्तर्गत सभी +2 उच्च विद्यालयों में रात्रि प्रहरी की नियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

शिक्षकों का नियोजन

*1977. श्रीमती उषा सिन्हा--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (मा०शिक्षा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राम बाबू +2 उच्च विद्यालय, हिलसा जिला नालन्दा को वर्ष 2007 में ही +2 में उत्क्रमित कर दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक उक्त विद्यालय में 14 स्वीकृत पद के विरुद्ध केवल 5 उच्चतर माध्यमिक शिक्षकों का ही नियोजन किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में शेष शिक्षकों का नियोजन करने पर विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

कार्रवाई करना

*1978. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, अनु० जाति/जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत अनुसूचित जाति अम्बेदकर उच्च विद्यालय, अमरपुर है, जहां दलित परिवार के बच्चे पठन-पाठन करते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2009-10 में उक्त विद्यालय कैम्पस के अन्दर दलित बच्चों के लिए तीन मंजिला छात्रावास का निर्माण किया गया था, जिसमें ठीकेदार द्वारा घटिया सीमेन्ट एवं पुराने ईंटों का इस्तमाल किया गया है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जांच कराकर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

कार्य पूरा कराना

*1979. श्री संजय सिंह टाईगर--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (प्राथमिक शिक्षा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत उदवन्तनगर प्रखण्ड के महम्मदपुर उत्क्रमित मध्य विद्यालय में शिक्षा परियोजना के माध्यम से वर्ष 2008 में भवन निर्माण कार्य प्रारम्भ किया गया था, जो आजतक अधूरा है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का निर्माण कार्य पूरा कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

भवन का निर्माण

*1980. श्री रामसेवक सिंह--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के प्रखण्ड उचकागांव के ग्राम पंचायत राज बलेसरा में छ: आंगनबाड़ी केन्द्र कार्यरत हैं परन्तु किसी भी केन्द्र को अपना भवन नहीं है जिससे केन्द्र संचालन में कठिनाई हो रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

नियुक्ति करना

*1981. श्री चन्द्रशेखर — क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (उच्च शिक्षा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भूपेन्द्र ना० मंडल विश्वविद्यालय, लालूनगर, मधेपुरा के अन्तर्गत तृतीय एवं चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों की नियुक्ति हेतु विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा विज्ञापन सं० 1547/2002 एवं 01/09 प्रकाशित किये गये और तृतीय एवं चतुर्थ पदों पर नियुक्ति हेतु प्राप्त हुए आवेदन-पत्रों के साथ करोड़ों रुपये का बैंक ड्राफ्ट शुल्क के रूप में विश्वविद्यालय को प्राप्त हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विज्ञापनों के आलोक में विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्ति की प्रक्रिया न तो पूरी की गई है और न ही आवेदकों द्वारा जमा शुल्क की राशि लौटायी गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रकाशित विज्ञापनों के आलोक में कर्मचारियों की नियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

नियुक्ति करना

*1982. श्री प्रभात रंजन सिंह—क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिला के बगहा विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत बुनियादी विद्यालय मकरी में कक्षा 1 से कक्षा 7 तक ही पढ़ाई होती है एवं उसमें पढ़ने वाले बच्चों की संख्या 450 है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में वर्तमान में एक ही शिक्षक कार्यरत हैं, जिससे शिक्षण कार्य बाधित है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त विद्यालय में शेष स्वीकृत 7 शिक्षक के पदों पर नियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

स्टेडियम का निर्माण

*1983. श्री सुबोध राय — क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला में सुलतानगंज प्रखंड के मुरारका कॉलेज में बड़ा खेल मैदान है;

(2) क्या यह बात सही है कि खेल मैदान में स्टेडियम नहीं रहने के कारण महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को खेल अभ्यास करने का मौका नहीं मिलता है, जिसके कारण प्रतिभावान खिलाड़ी अपनी प्रतिभा दिखाने से वंचित रह जाते हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त महाविद्यालय में स्टेडियम निर्माण करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

विद्यालय खोलना

*1984. श्रीमती बीमा भारती— क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला के भवानीपुर प्रखंड के त्रिलोकी टोला डुमरा परवत्ता रायपुरा चमनी टोला, बलिया पात, रूपौली प्रखंड के महर्षि नगर डोया, घोटाय टोलाडोमा, मरोसी टोला फुलकिया, आदि गांवों में प्राथमिक विद्यालय नहीं है, जिसके कारण उक्त गांवों के बच्चों को प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त गांवों में प्राथमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

राशि उपलब्ध कराना

*1985. श्री तारकिशोर प्रसाद— क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला को सर्वशिक्षा अभियान अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2006-07 में 910 प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों को चहारदीवारी करने के लिए 13 करोड़ रुपये की राशि दी गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि अभी भी 12 सौ प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों की चहारदीवारी का कार्य लंबित है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारामक हैं, तो क्या सरकार शेष बचे 12 सौ विद्यालयों को भी चहारदीवारी हेतु राशि उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

विद्यालय खोलना

*1986. डॉ० फैयाज अहमद— क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बिस्फी प्रखंड स्थित 1000 से अधिक आबादी वाले असौथुडीह ग्राम में एक प्राथमिक विद्यालय नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्राम के ग्रामीणें द्वारा विद्यालय के भवन निर्माण हेतु जमीन दान देते हुए विद्यालय भवन का नींव वर्ष 2010 में रखी गई है, लेकिन निर्माण कार्य आजतक प्रारंभ नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में प्राथमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

कार्य पूर्ण कराना

*1987. श्री देवंती यादव— क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के नरपतगंज प्रखंड अन्तर्गत कोशकापुर पंचायत खैरबन्ना के अधीन लाल ऋषिदेव महादलित टोला में नवसृजित प्राथमिक विद्यालय के भवन निर्माण हेतु राशि तीन वर्ष पूर्व स्वीकृत होकर निर्गत किया गया लेकिन निर्माण कार्य आजतक अधूरा है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय भवन का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

रोक लगाना

*1988. श्री प्रदीप कुमार-- क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीबरांवा प्रखंड के ग्राम सामदेव तथा होरिलखाप गांव से सटे नाटा नदी से प्रतिदिन सैकड़ों सी0 एफ0 टी0 बालू का उठाव हो रहा है, जिससे सामदेव तथा होरिलखाप के निकट नदी गहरी हो गयी है तथा गांव के तरफ कटाव बढ़ रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार ग्राम सामदेव तथा होरिलखाप के निकट नाटा नदी से बालू के उठाव पर रोक लगाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्यान्वयन करना

*1989. श्री प्रेम रंजन पटेल--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 21 तथा 23 जनवरी, 2010 को प्रकाशित शीर्षक ''छात्रवृत्ति से वंचित हैं बिहारी छात्र'' के आलोक में क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (उच्च शिक्षा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विगत 12 अप्रैल, 2008 को दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित मुख्य मंत्री अपने संदेश में तथा उसके पूर्व 5 अप्रैल, 2008 को उप-मुख्य मंत्री द्वारा तृतीय फिल्म महोत्सव समारोह में घोषणा की गयी थी कि ''भारतीय फिल्म और टेलीविजन संस्थान'' (एफ0 टी0 आई0 आई0) पुणे में पढ़ रहे सभी बिहारी छात्रों को अन्य प्रदेशों के अनुरूप छात्रवृत्ति दी जायेगी लेकिन तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी आजतक इस घोषणा का कार्यान्वयन नहीं किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त घोषणा का कार्यान्वयन करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

उत्क्रमित करना

*1990. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास ( प्रा0 शि0 ) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला-सह-प्रखंड के भेनौरा ग्राम में उर्दू प्राथमिक विद्यालय है जिसमें 300 छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं लेकिन वहां एक भी उर्दू मध्य विद्यालय नहीं है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त उर्दू प्राथमिक विद्यालय को उर्दू म0 विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

छात्रावास खोलना

*1991. श्री गोपाल जी ठाकुर--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला में एक ही महादलित छात्रावास, जिला मुख्यालय में है, जिससे देहाती महादलित छात्रों को इसका लाभ नहीं मिल पाता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार दरभंगा जिला के बेनीपुर और बिरौल अनुमंडल में महादलित छात्रावास खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रतिनियुक्ति करना

*1992. श्री कृष्णनंदन यादव--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के खिजरसराय प्रखंड के अन्तर्गत सतामस ग्राम के उत्क्रमित मध्य विद्यालय में वर्ष 2006 से शिक्षक का पद रिक्त है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सतामस में रिक्त शिक्षक पद पर शिक्षक की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

पदस्थापन करना

*1993. श्री राम बालक सिंह--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के विभूतिपुर प्रखंड के रघुनन्दन उच्च विद्यालय, समर्था में गणित, भौतिकी, अंग्रेजी, नागरिक शास्त्र आदि विषयों के विषयवार शिक्षक पदस्थापित नहीं है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में विषयवार शिक्षक का पदस्थापन करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

विद्यालय खोलना

*1994. श्री कृष्णनंदन यादव--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के अतरी विधान-सभा क्षेत्र के अंतर्गत महादलित (मुसहर) जाति की आबादी पूरे बिहार राज्य में सबसे अधिक है, लेकिन इस क्षेत्र में अनुसूचित जाति के लिए भी एक आवासीय उच्च विद्यालय नहीं है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त क्षेत्र में अनुसूचित जाति आवासीय उच्च विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

सेवा की मान्यता

*1995. श्री सतीश कुमार--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा सिविल अपील संख्या-6626-75/2001 में पारित आदेशोपरांत त्रिसदस्यीय जांच समिति के जांच प्रतिवेदन के आधार पर बिहार में 1984-85 चरण के 210 प्रोजेक्ट विद्यालयों के चयन की स्वीकृति मानव संसाधन विकास विभाग के ज्ञापांक 52पी0, दि0 19 अगस्त, 2008 द्वारा दी गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 1984-85 चरण के 210 प्रोजेक्ट विद्यालयों में से लीलावती कुमारी, आर्य प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय, अस्थावां (नालन्दा) को छोड़कर शेष प्रोजेक्ट विद्यालयों के शिक्षकों कर्मियों के सेवा की मान्यता प्रदान कर दी गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के शिक्षक/शिक्षकेत्तर कर्मियों के सेवा की मान्यता प्रदान करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*1996. श्री विनय कुमार सिंह--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय, शिकारपुर उच्च विद्यालय में उत्क्रमित होने की सभी शर्तों को पूरा करती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मध्य विद्यालय से सोनपुर प्रखंड के किसी भी उच्च विद्यालय की दूरी 8 कि०मी० से अधिक है, जिसके कारण छात्रों को उच्च विद्यालय में पठन-पाठन हेतु कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मध्य विद्यालय, शिकारपुर को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

उत्क्रमित करना

*1997. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत गुरारू प्रखंड स्थित मा०वि० मंझार उच्च विद्यालय में उत्क्रमित होने की सभी अर्हता को पूरा करती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय से 7 किलो मीटर की दूरी पर उच्च विद्यालय अवस्थित है जिससे उक्त विद्यालय के अध्ययनरत छात्र आगे की शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

राजकीयकरण करना

*1998. श्री केदार नाथ सिंह--स्थानीय हिन्दी दैनिक सामाचार-पत्र में दिनांक 8 सितम्बर, 2010 को प्रकाशित शीर्षक ''390 अराजकीय विद्यालय संबंधी अधिसूचना नहीं'' को ध्यान में रखते हुए, क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य के 390 अराजकीय प्रा० एवं मध्य विद्यालयों का राजकीयकरण वर्ष 2010 में नहीं हो पाया है;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य के 390 प्रा० एवं मध्य विद्यालयों को राजकीय नहीं होने से विद्यालयों से जुड़े 1000 हजार शिक्षक एवं 200 कर्मियों का भविष्य अंधकारमय हो गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उतर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कार्य में शिथिलता बरतनेवाले पदाधिकारियों पर कार्रवाई करते हुए उक्त वर्णित प्रा० एवं मध्य विद्यालयों का राजकीयकरण, कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन का निर्माण

*1999. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के अस्थावां प्रखंड मुख्यालय में वर्ष 2006-07 में पोलिटेकनिक कॉलेज खोलने की स्वीकृति मिली थी तथा उक्त कॉलेज के भवन निर्माण का कार्य वर्ष 2009 में पूरा किया जाना था जो आजतक अधूरा है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार भवन निर्माण में हो रहे विलंब के लिए संबंधित संवेदकों एवं अभियंताओं पर कार्रवाई करते हुए उक्त भवन के निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कॉलेज खोलना

*2000. श्री राजेश सिंह--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिला अन्तर्गत बगहा अनुमंडल के धनहा क्षेत्र में चार प्रखंड है जो गंडक नदी के कारण अनुमंडल मुख्यालय से सम्पर्क विहीन है;

(2) क्या यह बात सही है कि धनहा में डिग्री कॉलेज नहीं होने के कारण यहां के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा से वंचित होना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार धनहा क्षेत्र में डिग्री कॉलेज खोलने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पढ़ाई शुरू करना

*2001. श्रीमती कुमारी मंजु वर्मा--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत मंझौल अनुमंडल में मात्र एक रामचरित्र सिंह डिग्री महाविद्यालय है, जिसमें कॉमर्स की पढ़ाई नहीं होती है, जिससे यहां के छात्रों को कॉमर्स की पढ़ाई करने में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त महाविद्यालय में कॉमर्स की पढ़ाई शुरू कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

शुरू करना

*2002. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत ढाका प्रखंड के 53 घोड़ासहन प्रखंड के 37 विद्यालयों में मध्याह्न भोजन 10 माह से बंद है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों में बंद मध्याह्न भोजन शुरू करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*2003. श्री राम बालक सिंह--दिनांक 5 जनवरी, 2011 को पटना से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र के शीर्षक ''कबाड़ी के हाथों बेची स्कूल की किताबें'' की ओर ध्यान देते हुए, क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा कक्षा-1 से 6 तक के छात्रों को मुफ्त किताबों का वितरण किया जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर के ग्राम-मुरोल के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, पिलखी एवं गजपति म० विद्यालय में किताब कबाड़ी के हाथों बेच दी गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सम्पूर्ण राज्य में किताबों का सही वितरण हेतु कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

मरम्मती कराना

*2004. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा शहर के मारवाड़ी +2 उच्च विद्यालय में दलित-महादलित छात्रावास भवन जर्जर है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार छात्रावास भवन की मरम्मती कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पोषाहार का वितरण

*2005. श्रीमती मीना द्विवेदी--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला अन्तर्गत अरेराज, संग्रामपुर और पहाड़पुर प्रखंड में आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पोषाहार का वितरण विगत 2008 से नहीं हो रहा है जिसके संबंध में स्थानीय लोगों द्वारा उच्च पदाधिकारियों से वर्ष 2008 एवं 10 में लिखित रूप से शिकायत की गई, लेकिन आजतक इसपर कोई कार्रवाई नहीं की गयी;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करते हुए पोषाहार वितरण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

रिक्त पद को भरना

*2006. श्रीमती उषा सिन्हा--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (मा० शिक्षा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नन्दकेश्वर सिंह उच्च विद्यालय चिकसौरा, नालन्दा में विज्ञान शिक्षक का पद पिछले 14 महीने से रिक्त है, जिसके कारण छात्र-छात्राओं को विज्ञान की पढ़ाई बाधित हो रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में विज्ञान शिक्षक के रिक्त पद को भरने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

उत्क्रमित करना

*2007. श्री प्रेम रंजन पटेल--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लक्खीसराय जिलान्तर्गत सूर्यगढ़ा प्रखंड के हुसेना किरणपुर, अरमा, पोखरामा, उरैन, बरियारपुर, लक्ष्मीपुर, चानन प्रखंड के नल्युडीह, धनवह, मलिया, कुंदर, घोषीकुंडी, पिपरिया प्रखंड के पवई, पिपरिया तथा लक्खीसराय प्रखंड के खगौर गढ़ी विशनपुर के मध्य विद्यालयों से उच्च विद्यालय की दूरी पाँच कि०मी० है, जिसके कारण उक्त विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों को आगे की शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त मध्य विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्यालय खोलना

* 2008. श्री कृष्ण कुमार ऋषि--क्या मंत्री, निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत बनमनखी अनुमंडल बने 15 वर्ष हो गए हैं लेकिन आज तक निबंधन कार्यालय नहीं बना है जिसके कारण उक्त क्षेत्र की जनता को निबंधन कार्य में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त अनुमंडल में निबंधन कार्यालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

छात्रावास का संचालन

* 2009. श्री अमन कुमार--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत कहलगांव प्रखण्ड में 5 वर्ष पूर्व अनुसूचित जाति आवासीय छात्रावास का भवन निर्माण कराया गया लेकिन उक्त छात्रावास का संचालन आजतक प्रारंभ नहीं हो सका है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त भवन में छात्रावास का संचालन कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय खोलना

* 2010. श्री राजेश सिंह--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिला अन्तर्गत भितहां प्रखण्ड के हीरा सोती उत्तरी टोला गांव में 02 कि०मी० के अंदर एक भी प्राथमिक विद्यालय नहीं है जिसके कारण उक्त गांव के छात्रों को शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार हीरा सोती उत्तरी टोला में एक प्राथमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

उपलब्ध कराना

* 2011. श्री अरूण शंकर प्रसाद --क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार के उप-सचिव, मानव संसाधन विकास विभाग पटना के ज्ञापांक 80, दिनांक 3 फरवरी, 2010 के आलोक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, मधुबनी द्वारा वर्ष 2010-11 सत्र के लिए जिला के 9 (नौ) प्रस्वीकृत इंटर महाविद्यालयों को नवमी एवं दशमी कक्षा संचालन की अनुमति दी गयी;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सत्र में इंटर महाविद्यालयों के उक्त नामांकित छात्रों के लिये मुख्यमंत्री साइकिल योजना की राशि उपलब्ध नहीं कराया जा सका है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार साइकिल की राशि कबतक, उपलब्ध कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

उपलब्ध कराना

*2012. श्री राम प्रवेश राय--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला से मैट्रिकुलेशन करने वाले छात्रों का वर्ष 2007 से ही मूल प्रमाण-पत्र जिले में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा नहीं भेजा गया है, यदि हां, तो क्या सरकार मूल प्रमाण-पत्र उक्त जिले के उच्च विद्यालयों में उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन बनाना

*2013. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के काराकाट प्रखंड अन्तर्गत चौगाई, इब्राहिमपुर, किरही आदि गाँवों में अल्पसंख्यक समुदाय के बच्चों को तालीम हासिल करने के लिए मदरसा भवन नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि भवन के अभाव में छात्र-छात्राएँ जमीन पर बैठकर पढ़ते हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वर्णित गाँवों में मदरसा भवन बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

नियुक्त करना

*2014. श्रीमती रेणु देवी--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत बेतिया राज उच्च विद्यालय, बेतिया, विपिन उच्च विद्यालय, बेतिया, राजकीय कन्या उच्च विद्यालय, बेतिया, उर्दू उच्च विद्यालय, बेतिया, उच्च विद्यालय, मझौलिया, उच्च विद्यालय, सरिसवा, उच्च विद्यालय अमटाभझार, बेतिया इत्यादि विद्यालयों में विज्ञान सामग्री, कम्प्यूटर, जेनरेटर, पंखा, चापाकल, सोलर लाईट सिस्टम इत्यादि कीमती सामान है लेकिन इसकी सुरक्षा हेतु रात्रि प्रहरी नहीं है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त वर्णित विद्यालयों में रात्रि प्रहरी को नियुक्त करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*2015. श्री अशोक कुमार--क्या मंत्री, मानव संसाधन (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि निदेशक, प्राथमिक शिक्षा ने गोपालगंज जिला में द्वितीय चरण की शिक्षक नियोजन निर्धारित समय-सीमा के अन्दर पूरा नहीं किये जाने से संबंधित जांच दिनांक 27 अगस्त, 2010 एवं 28 अगस्त, 2010 को किया था जिसमें उपनिदेशक, माध्यमिक शिक्षा, क्षेत्रीय उप-शिक्षा निदेशक, सारण भी सम्मिलित थे;

(2) क्या यह बात सही है कि निदेशक, प्राथमिक शिक्षा की अध्यक्षता में गठित जाँच समिति ने दिनांक 17 सितम्बर, 2010 को विस्तृत प्रतिवेदन प्रधान सचिव, मानव संसाधन विभाग को दिया था जिसमें जिला शिक्षा अधीक्षक, गोपालगंज को दोषी पाया गया था;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार दोषी पदाधिकारी पर कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---------

नियोजन करना

*2016. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीबरावाँ तथा वारिसलीगंज प्रखंड में द्वितीय चरण का शिक्षक नियोजन कार्य नहीं हुआ है, जिसके कारण मध्य विद्यालयों में शिक्षकों की कमी है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में प्रखंड शिक्षकों का नियोजन करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

मुक्त कराना

*2017. श्री भोला राय--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के फारबिसगंज प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, माणिकपुर के जमीन को ग्रामीणों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार विद्यालय के जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

छात्रावास बनाना

*2018. डॉ० अरूण कुमार--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडल में अनुसूचित जनजाति के लिए एक भी छात्रावास नहीं है जिससे उक्त वर्ग के छात्रों को कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडल में अनुसूचित जनजाति छात्रावास बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

प्रक्रिया पूर्ण करना

*2019. श्री राम प्रवेश राय--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत बरौली एवं कुचायकोट प्रखण्डों में प्रखण्ड एवं पंचायत नियोजन इकाइयों द्वारा द्वितीय चरण की शिक्षक नियुक्ति का कार्य समय समाप्त होने के उपरान्त भी नहीं किया गया है, साथ ही नगर परिषद्, गोपालगंज, बरौली एवं मांझा प्रखण्ड में नियोजन प्रक्रिया पूर्ण कर लेने के बावजूद नियोजन पत्र का वितरण नहीं किया गया है, यदि हां, तो क्या सरकार दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने के साथ-ही-साथ नियोजन प्रक्रिया पूर्ण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कॉलेज खोलना

*2020. श्री श्याम बिहारी राम--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (उ० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सर्वाधिक पिछड़े प्रखण्ड रोहतास एवं नौहट्टा प्रखण्ड में एक भी डिग्री कॉलेज नहीं है जिसके कारण दोनों प्रखण्ड के छात्र-छात्राओं को स्नातक की शिक्षा प्राप्त करने के लिए सत्तर किलो मीटर दूर तिलौथू या डेहरी जाना पड़ता है जिससे उन्हें कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार दोनों प्रखण्डों में डिग्री कॉलेज खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*2021. श्रीमती ज्योति देवी--क्या मंत्री, अनु० जाति/जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत बाराचट्टी प्रखण्ड के डॉ० भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय, मनकर से वर्ष 2010 में चहारदीवारी का निर्माण कराया गया है जिसमें घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

तैयार करना

*2022. श्रीमती रेणु देवी--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--.

(1) क्या यह बात सही है कि गरीबी रेखा से नीचे के लोगों के संबंधित संशोधित/नई सूची प्रति वर्ष तैयार की जाती है लेकिन वर्ष 2007-08 के बाद आजतक नई सूची प्रकाशित नहीं की जा सकी है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त वर्णित संशोधित या नई सूची तैयार कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

कार्रवाई करना

*2023. डॉ० अरूण कुमार--क्या मंत्री, निबंधन उत्पादन एवं मध्य निषेध विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के जमीनों का निबंधन करने के लिए सरकार द्वारा चार श्रेणियों में दर वर्ष 2010 में निर्धारित किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जमीन का निबंधन कराते समय जमीन का वर्गीकरण किए जाने के बावजूद स्थानीय निबंधक को जमीन का मूल्य निर्धारित करने का विशेष अधिकार सरकार द्वारा दिया गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा निबंधन पदाधिकारी को राज्यहित में दिए गए विशेष अधिकार के बावजूद भी सरकार के राजस्व में कोई बढ़ोत्तरी नहीं हो रही है ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार जमीन का मूल्य निर्धारण हेतु कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

विद्यालय खोलना

''क''- *2024. श्री कन्हैया कुमार --क्या मंत्री, मानव संसाधन (प्राथमिक शिक्षा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के मैसकौर प्रखंड के रसलपुरा गांव में अल्पसंख्यक मुस्लिम की संख्या-75 प्रतिशत है पर वहां के छात्र-छात्राओं की शिक्षा अध्ययन हेतु मदरसा की व्यवस्था नहीं होने के कारण पढ़ाई-लिखाई में काफी दिक्कतें हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गांव में मदरसा भवन हेतु ग्रामीणों ने जमीन की व्यवस्था विगत् 5 वर्षों पूर्व की है पर आजतक सरकार द्वारा मदरसा विद्यालय खोलने की दिशा में कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गांव में छात्र-छात्राओं को शिक्षा अध्ययन हेतु उपलब्ध जमीन पर मदरसा विद्यालय खोलने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

''क''- अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के पत्रांक 4556, दिनांक 11 मार्च, 2011 द्वारा मानव संसाधन विकास विभाग (प्रा०शि०) विभाग में स्थानांतरित।

अधिकृत करना

*2025. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, कला संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पू० चम्पारण जिलान्तर्गत मोतिहारी में इन्डोर स्टेडियम वर्ष 1995 से अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त इन्डोर स्टेडियम में बैडमिन्टन खेल का आयोजन किया जाता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त इन्डोर स्टेडियम में खेल आयोजन आदि को बंद कराकर मोतिहारी नगर परिषद् द्वारा वर्ष 2010 से आजतक समय-समय भाड़े पर शादी-विवाह के लिए आरक्षित किया जाता है, जिससे प्रतिभावान खिलाड़ियों को काफी असुविधा होती है ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खिलाड़ियों के हित में उक्त स्टेडियम को नगर परिषद् क्षेत्राधिकार से अलग करते हुए संबंधित खेल संघों के अधीन अधिकृत करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

निर्माण कराना

* 2026. श्रीमती ज्योति देवी,--क्या मंत्री, कला संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत ग्राम निस्खा (बोध गया) ग्राम दरबार (बाराचट्टी) एवं ग्राम इटवा (मोहनपुर) आदि गांवों में खेल मैदान का सुदृढ़ीकरण एवं चहारदीवारी का निर्माण नहीं किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार ग्रामों के खेल मैदानों की सुदृढ़ीकरण एवं चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

प्रशिक्षण केन्द्र खोलना

*2027. श्रीमती मीना द्विवेदी--क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मोतिहारी जिला के अरेराज अनुमंडल में आई०टी०आई० नहीं रहने के कारण वहां के छात्रों को तकनीकी शिक्षा से वंचित होना पड़ता है, यदि हां, तो सरकार मोतिहारी जिला के अरेराज अनुमंडल में आई०टी०आई० प्रशिक्षण केन्द्र खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

स्टेडियम बनाना

*2028. श्री रणविजय कुमार--क्या मंत्री, कला संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत हसपुरा प्रखंड मुख्यालय में स्टेडियम नहीं रहने से प्रखंड के युवाओं को खेल प्रतिभा का प्रदर्शन नहीं हो पाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रखंड मुख्यालय के हसपुरा उच्च विद्यालय के प्रांगण में खाली जमीन उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड में स्टेडियम बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्यालय की स्थापना

*2029. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत लखीसराय विधान-सभा के कछियाना, अमहरा, लक्ष्मीपुर, डुमरी, रजैनी, धीरा, मोहद्दीनगर, प्रतापपुर नन्दनाला, नोनगढ, इमामनगर पंचायतों में उच्च विद्यालय नहीं है जिससे उक्त पंचायत के छात्र-छात्राएं माध्यमिक स्तर की शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाते हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायतों में उच्च विद्यालय की स्थापना करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

दर्जा देना

*2030. डॉ० अच्युतानन्द--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने कि कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत महनार बाजार स्थित बालक उच्च विद्यालय एवं बालिका उच्च विद्यालय महनार +2 में उत्क्रमित होने की सभी शर्त्तों को पूरा करते है लेकिन अभीतक इन दोनों विद्यालयों को +2 का दर्जा नहीं दिया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इन दोनों विद्यालयों को +2 का दर्जा देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

भुगतान करना

*2031. श्री नरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अनुमंडलाधिकारी, बेगूसराय के पत्रांक 813, दिनांक 5 मई, 2010 द्वारा 20 लाभार्थी एवं पत्रांक 513, दिनांक 4 जुलाई, 2009 द्वारा 29 लाभार्थियों को वृद्धा पेंशन का लाभ देने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई, लेकिन राशि का भुगतान आजतक नहीं किया गया है, यदि हां, तो क्या सरकार राशि का भुगतान कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

केन्द्र का गठन

*2032. डॉ० अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के महिषी प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत महिसरहो में आंगनबाड़ी केन्द्र सं० 71, प्रा०वि०, तेघरा के परिसर में संचालित है जो वार्ड सं० 18 में अवस्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त केन्द अन्तर्गत वार्डों में 1600 जनसंख्या है;

(3) क्या यह बात सही है कि केन्द्र सं० 71 को दो भाग में बांट कर एक अतिरिक्त आंगनबाड़ी केन्द्र बनाने की स्वीकृति विभाग द्वारा जुलाई, 2010 में दिया गया है जो आजतक नहीं बना है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आंगनबाड़ी केन्द्र चयन संबंधी मार्ग दर्शिका 2010 के अनुरूप वार्ड सं० 19 के प्रा०वि०, तेघड़ा से दक्षिण के आबादी के लिए अतिरिक्त आंगनबाड़ी केन्द्र का गठन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्यालय खोलना

*2033. श्री रण विजय कुमार--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत रफीगंज प्रखण्ड के बनाही ग्राम में अल्पसंख्यकों की घनी आबादी है, लेकिन वहां उर्दू प्रा० विद्यालय नहीं है, जिससे उक्त ग्राम के बच्चे शिक्षा से वंचित रह रहे हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त गांव में उर्दू प्रा० विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*2034. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के प्राणपुर प्रखण्ड अन्तर्गत सहजा पंचायत के मध्य विद्यालय, कास्तहावड़ में वर्ष 2009-10 में सर्व-शिक्षा अभियान से छ: कमरों के निर्माण में घटिया किस्म का ईंट, सीमेंट तथा बालू का उपयोग किया गया है, जिसके कारण छत क्षतिग्रस्त हो गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इसकी जांच कराकर दोषी पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

प्रारम्भ कराना

*2035. डॉ० इजहार अहमद--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (उच्च शिक्षा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बिरौल अनुमंडल के जनता कोशी महाविद्यालय में 20 वर्षों से नियमित रूप से पठन-पाठन का कार्य हो रहा है जो कमला एवं कोशी बलान क्षेत्र का एक मात्र महाविद्यालय है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कॉलेज (महाविद्यालय) में बी०कॉम०, बी०एस०सी०, एम०ए०, एम०कॉम० और एम०एस०सी० की पढ़ाई अभीतक प्रारम्भ नहीं हुआ है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनता कोशी महाविद्यालय में बी०एस०सी०, बी०कॉम०, एम०ए०,एम०कॉम० और एम०एस०सी० की पढ़ाई प्रारम्भ कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

* 2036. श्री मदन सहनी--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (मा० शिक्षा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिले के हनुमाननगर प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय वसुआरा एवं बुनियादी विद्यालय रूपौली तथा बहादुरपुर प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय कोकट अवस्थित है, जो उच्च विद्यालय में उत्क्रमित होने की सभी शर्तों को पूरा करती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त मध्य विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्थापना करना

* 2037. श्री अनिल सिंह--क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा धन्यवाद यात्रा के दौरान नवादा जिले के हिसुआ प्रखंड में एक पोलिटेकनिक संस्थान की स्थापना करने हेतु 19 जून, 2009 को घोषणा की गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि घोषणा के अनुरूप विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग ने अपने पत्रांक 215 (6) रा०, दिनांक 24 फरवरी, 2010 के द्वारा नवादा के जिलाधिकारी से भूमि संबंधी विवरणी की मांग की गयी जिसे प्रमंडल आयुक्त, गया द्वारा विगत छः माह पूर्व राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को प्राप्त करा दिया गया है, लेकिन निर्माण कार्य आजतक प्रारम्भ नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक की गयी घोषणा के अनुरूप नवादा जिले के हिसुआ प्रखंड में पोलिटेकनिक संस्थान की स्थापना करना चाहती हैं, नहीं, तो क्यों ?

--------

परिचालन कराना

* 2038. श्री परमानंद ऋषिदेव--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना से अररिया एवं किशनगंज जिला में सरकारी बस सेवा का परिचालन नहीं किया जा रहा है जिसके कारण आम जनता को आवागमन में काफी कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त जिला में सरकारी बस सेवा का परिचालन कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भुगतान करना

* 2039. डॉ० रामानन्द यादव--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य पथ परिवहन निगम के कर्मचारियों/सेवानिवृत्त/मृत कर्मियों का वर्ष-1994 से दिसम्बर, 2008 तक का वेतन एवं अन्य बकाए राशि का भुगतान नहीं हुआ है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बकाये राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पूर्ण कराना

* 2040. श्री सोनेलाल हेम्ब्रम--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (प्रा० शिक्षा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत कटोरिया प्रखंड के माधाबाड़ी पंचायत के अड़िरा अपर प्राईमरी विद्यालय, भवन का निर्माण कार्य वर्ष-2002 में ही प्रारंभ किया गया जो अभी तक अधूरा है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार विलंब के लिए दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने तथा अधूरे विद्यालय भवन का निर्माण पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

राशि उपलब्ध कराना

* 2041. श्री राम नरेश यादव--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं जनजाति (कल्याण) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अनुसूचित जाति/जनजाति/महादलित परिवारों को सरकार से 3 डिसमिल जमीन खरीद करने के लिए राशि आवंटन की घोषणा दो वर्ष पूर्व की गई है, लेकिन सीतामढ़ी जिलान्तर्गत सोनवर्षा प्रखण्ड के महादलितों को आजतक जमीन खरीदने हेतु राशि उपलब्ध नहीं कराया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड के महादलितों को जमीन खरीदने हेतु राशि उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

खाली कमरे में चलाना

* 2042. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (प्रा० शिक्षा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शिवहर जिलान्तर्गत शिवहर प्रखंड के फतेहपुर गांव के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय अनुटोला, भवनविहिन रहने के कारण खुले आसमान के नीचे बच्चों का पठन-पाठन कराया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्राथमिक विद्यालय के सटे उत्क्रमित मध्य विद्यालय चल रहा है जिसमें तीन कमरा है जो खाली पड़ा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्राथमिक विद्यालय के पठन-पाठन का कार्य उत्क्रमित मध्य विद्यालय के खाली पड़े कमरे में चलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यो ?

प्रतिनियुक्ति करना

*2043. श्री रणधीर कुमार सोनी—क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के उच्च विद्यालयों में पूर्व से कार्यरत रेगुलर शिक्षकों तथा नियोजित शिक्षकों को मिलाकर उच्च विद्यालय का शिक्षण कार्य संचालित हो रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2007 में आदेश दिया गया है कि राज्य के रेगुलर शिक्षक अपनी इच्छानुसार जिले के किसी भी विद्यालय में अपना स्थानान्तरण कराकर पदस्थापित हो सकते हैं;

(3) क्या यह बात सही है कि इस सरकारी निर्णय के अनुसार शेखपुरा जिला के रेगुलर शिक्षकगण अपना स्थानान्तरण कराकर डी०एस० उच्च विद्यालय एवं मुरारका उच्च विद्यालय आदि में पदस्थापित हो गये जिससे इन विद्यालयों में रेगुलर शिक्षक की अधिकता हो गई तथा जिले के ससवहना, वर्षा एवं एफनी उच्च विद्यालयों में रेगुलर शिक्षकगण नहीं है, जिससे शिक्षण कार्य बाधित है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रेगुलर शिक्षकों को जिलों के सभी उच्च विद्यालयों में प्रतिनियुक्त करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

रद्द करना

*2044. डॉ० श्यामदेव पासवान—क्या मंत्री, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार के नियमानुसार कोई भी शराब की दुकान मंदिर के नजदीक यानी 50 या 100 फीट तक नहीं रहना चाहिए;

(2) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला अन्तर्गत सासाराम शहर के गाँधी चौक पर शिव मंदिर के बगल में ठाकुर मार्केट के पास एक विदेशी शराब की दुकान तथा एक बियर बार की दुकान है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दुकानों का लाइसेंस रद्द करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

सूची में सुधार

*2045. श्री श्रवण कुमार—क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1)क्या यह बात सही है कि वन एवं पर्यावरण विभाग के पत्रांक 1684, दिनांक 2 जुलाई, 2010 द्वारा बिहार वन सेवा के पदाधिकारियों की वरीयता प्रकाशित की गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 1988 में बिहार लोक सेवा आयोग की अनुशंसा पर नियुक्त पदाधिकारियों को 1990 एवं बाद के वर्षों में प्रोन्नति द्वारा नियुक्त पदाधिकारियों से कनीय कर दिया गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा सी०डब्लू०जे०सी० 8306/89 में 1988 से 1995 में नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति तिथि से नियमितिकरण हेतु छाया पद सृजन पर मार्च, 2010 में मंत्रिमंडल की स्वीकृति प्राप्त होने एवं महाधिवक्ता के दिनांक 6 मार्च, 2010 के परामर्श के बाद भी प्रतिकूल वरीयता सूची प्रकाशित कर दी गई है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार त्रुटिपूर्ण वरीयता सूची में सुधार कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भुगतान करना

*2046. डॉ० दाउद अली—क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1)क्या यह बात सही है कि कुमारी डली घोष, शिक्षिका, प्राथमिक विद्यालय, सोरंगपुर, पटना 15 अगस्त, 2002 को विद्यालय में झण्डोत्तोलन के दिन कमर की हड्डी टूट गई जिसके कारण वह लाचार रहने पर स्वैच्छिक सेवा निवृति का अनुरोध की है;

(2) क्या यह बात सही है कि तत्कालीन प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, परसा, पटना ने पत्रांक 492, 10 सितम्बर, 2004 द्वारा उनके आवेदन को अनुशंसा कर जिला शिक्षा अधीक्षक, पटना को भेजा है;

(3) क्या यह बात सही है कि तत्कालीन माननीय मंत्री, मानव संसाधन विकास विभाग ने गै०स०प्रे०सं० 522 (अ०) 10 मई, 2010 द्वारा जिला शिक्षा अधीक्षक, पटना को समुचित कार्रवाई का आदेश दिया लेकिन उन्हें लाभ नहीं मिला और 16 जनवरी, 2011 को उनकी मृत्यु हो गई;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उनके लंबित आवेदन पर कार्रवाई कर उनके आश्रित को देय राशि भुगतान कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

कार्रवाई करना

*2047. श्री जितेन्द्र कुमार—क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के अस्थावां विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत सरमेरा प्रखंड के ग्राम सदहा को प्रा०वि० विगत 6 माह से बंद है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय बंद रहने के पश्चात् भी वहां के कार्यरत शिक्षकगण जिला शिक्षा अधीक्षक के मिलीभगत से मासिक वेतनादि प्राप्त कर रहे हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी उच्च स्तरीय जाँच कर संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

विद्यालय का निर्माण

*2048. श्री रामायण मांझी—क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला अन्तर्गत अनुसूचित जाति आवासीय उच्च विद्यालय नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा सीवान जिला में अनुसूचित जातियों के बच्चों के लिये आवासीय उच्च विद्यालय निर्माण हेतु 65 लाख रुपया का आवंटन वर्ष 2006-07 में किया गया है, लेकिन निर्माण कार्य आजतक प्रारंभ नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सीवान जिला में अनुसूचित जाति आवासीय उच्च विद्यालय का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्वीकृति देना

*2049. डॉ० मु० जावेद--क्या मंत्री, मानव संसाधान विकास (प्रा०शि०)विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विभागीय संकल्प सं० 173, दिनांक 17 मार्च, 1999 विशेष निदेशक (मा०शि०) के पत्रांक 309, दिनांक 21 अप्रील, 1999, आयुक्त एवं सचिव, मानव संसाधन विकास विभाग के पत्रांक 463, दिनांक 8 जुलाई, 2006 के आलोक में राज्य के अराजकीय प्रस्वीकृत वित्त रहित बालिका मदरसों में से 200 बालिका मदरसा को अनुदान की श्रेणी में लाने का निर्णय लिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रधान सचिव, मानव संसाधन विकास विभाग के पत्रांक 50, दिनांक 24 फरवरी, 2009 के द्वारा राज्य के 200 बालिका मदरसों में से केवल 09 बालिका मदरसा के शिक्षक/ शिक्षकेत्तर कर्मियों को दिनांक 1 अप्रील, 1999 के प्रभाव से वेतनादि भुगतान करने की स्वीकृत प्रदान की गई है ;

(3) क्या यह बात सही है कि राज्य के अराजकीय स्वीकृति वित्त रहित बालिका मदरसा को अनुदान की श्रेणी में लाने हेतु वर्ष 2000, 2004, 2010, 2011 में जिला पदा०, विक्रमगंज के द्वारा विभाग को स्थलीय जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया है, लेकिन इन्हें आजतक अनुदान की स्वीकृति प्रदान नहीं की गयी है ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शेष बालिका मदरसा के शिक्षक/शिक्षकेत्तर कर्मियों को अनुदान की स्वीकृति देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

उत्क्रमित करना

*2050. श्री बैद्यनाथ सहनी--क्या मंत्री, मानव संसाधान विकास (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत मोरवा प्रखण्ड के ग्राम पंचायत राज गुनाई बसही स्थित मध्य विद्यालय है, जिसके आठ कि०मी० की दूरी में कोई उच्च विद्यालय नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला शिक्षा अधीक्षक, समस्तीपुर द्वारा वर्ष 2010 में मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का प्रस्ताव सरकार के पास भेजा गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

सुव्यवस्थित करना

*2051. श्री अवनीश कुमार सिंह--क्या मंत्री, मानव संसाधान विकास (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सेकेंडरी, प्राथमिक एवं वयस्क शिक्षा विभाग के आदेश सं० 500, दिनांक 7 फरवरी,

1999 द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज, मोतिहारी में प्रभारी प्राचार्य बनाया गया था जो तात्कालिक अस्थाई व्यवस्था थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि आजतक उक्त कॉलेज में नियमित प्राचार्य का पदस्थापन नहीं किये जाने से पठन-पाठन सुव्यवस्थित नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कॉलेज में नियमित प्राचार्य का पदस्थापन कर पठन-पाठन को सुव्यवस्थित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

नियुक्ति करना

*2052. डॉ० मु० जावेद--क्या मंत्री, मानव संसाधान विकास (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत राजकीय बालिका उच्च विद्यालय, किशनगंज में 1100 छात्राएँ, वर्ग-दशम् एवं नवम् में पढ़ती है, लेकिन शिक्षकों के अभाव में शिक्षण कार्य बाधित है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में शिक्षकों की नियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

परिचालन कराना

*2053. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के केसरिया जो बौद्ध स्तूप होने के चलते पर्यटन का केन्द्र है वहां से पथ परिवहन निगम की एक भी बस नहीं चलती है, यदि हां, तो क्या सरकार केसरिया से पटना के लिए परिवहन निगम का बस का परिचालन कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

कार्रवाई करना

*2054. श्री अम्बिका सिंह--क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला में बी०एस०सी०, सी०बी०जे०भी० द्वारा वर्ष 2009 में मदुरना पहाड़ से मिट्टी की कटाई का लीज प्राप्त कर अवैध रूप से क्रशर लगाकर पत्थर को तोड़ा जा रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार अवैध रूप से पत्थर तोड़ने वालों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्टेडियम बनाना

*2055. श्री रामायण मांझी-- क्या मंत्री, कला संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के दरौली एवं आंदर प्रखंड में स्टेडियम नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार सीवान जिला के दरौली प्रखंड एवं आंदर प्रखण्ड में स्टेडियम बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्टेडियम का निर्माण

*2056. श्रीमती बीमा भारती--क्या मंत्री, कला संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला के भवानीपुर प्रखंड अंतर्गत बलदेव उच्च विद्यालय, भवानीपुर एवं बी0 कोठी प्रखंड के म0 वि0 और लाहा के क्रीड़ा मैदान को स्टेडियम नहीं बनाया गया है जिसके कारण छात्र-छात्राओं को खेल प्रतिभा निखारने का मौका नहीं मिलता है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त दोनों क्रीड़ा मैदान पर स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कमी दूर करना

*2057. श्री रामचन्द्र सदा--क्या मंत्री, अनु0 जा0/अनु0 ज0 जा0 कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत अलौली में अवस्थित अम्बेदकर आवासीय उच्च विद्यालय में भवन, उपस्कर एवं विषयवार शिक्षकों की कमी है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त उच्च विद्यालय में उक्त कमी को दूर करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्टेडियम बनाना

*2058. श्री विभाष चंद्र चौधरी--क्या मंत्री, कला संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत मनिहारी प्रखंड के बघार पंचायत में 4.48 एकड़ मैदान है जिसपर फुटबॉल, क्रिकेट, वॉलीवाल आदि खेल खेला जाता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त जमीन पर स्टेडियम बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उपलब्ध कराना

*2059. श्रीमती कुमारी मंजु वर्मा--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के मंझौल अनुमंडल स्थित बस स्टैन्ड में 1997 से टौल टैक्स की वसूली की जा रही है जिससे प्रत्येक साल 8 लाख से 9 लाख तक राजस्व की प्राप्ति होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त बस स्टैन्ड में बुनियादी सुविधाओं यथा शौचालय, पीने के पानी का अभाव है जिससे यात्रियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बस स्टैन्ड में बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पुनर्गठन करना

*2060. श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार-- क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (उ० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार भंग छात्र कल्याण आयोग/बोर्ड का पुनर्गठन करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

रोक लगाना

*2061. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह--दिनांक 19 जनवरी, 2011 को पटना से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र के शीर्षक ''तो भी ये ले रहे हैं बच्चों का टेस्ट'' की ओर ध्यान देते हुए, क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के अनुसार नर्सरी और क्लास वन में नामांकन के लिए किसी भी तरह का टेस्ट नहीं लिया जाना है;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना के प्राइवेट सकूल नियमों की अनदेखी कर रहे हैं, जैसे सेंट जोसेफ कान्वेंट, ज्ञान निकेतन, डी० ए० वी० आदि स्कूलों ने बच्चों का टेस्ट ले लिया है या लेने हेतु आवेदन की बिक्री कर रहे हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार निजी स्कूलों को नियम के विपरीत काम करने पर रोक लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

योजना का लाभ

*2062. श्री नरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कबीर अन्त्येष्ठी योजना की राशि (1500) बी०पी०एल० परिवार में किसी सदस्य के मृत्यु उपरान्त देने हेतु राज्य सरकार ने सत्र 2006-07 में निर्णय लिया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त निर्णय के आलोक में बेगूसराय जिलान्तर्गत मटिहानी विधान-सभा के केशावें पंचायत में मृतक हुलो दास, आरती देवी सहित 25 मृतकों की मृत्यु वर्ष 2009 से 2010 तक हुई है जिन्हें आजतक उक्त योजना का लाभ सरकार द्वारा नहीं दिया गया है, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है ?

--------

कार्रवाई करना।

*2063. श्री केदारनाथ सिंह--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत एकमा प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केन्द्र नियमित रूप से संचालित नहीं होते हैं, जिसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा विगत एक वर्ष पूर्व जिलाधिकारी से की गयी लेकिन इस संबंध में आजतक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त कृत के लिए दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रारम्भ कराना

*2064. श्री नरेन्द्र कुमार पाण्डेय--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (प्राथमिक शिक्षा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प्राकृत और पाली भाषा की पढ़ाई इंटर से विश्वविद्यालय तक होती है, लेकिन प्राथमिक स्तर पर नहीं होती है, यदि हां, तो क्या सरकार प्राथमिक स्तर पर उक्त भाषा की पढ़ाई प्रारंभ कराने का विचार रखती है ?

--------

वृक्षारोपण करना

*2065. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार ने वर्ष 2006 में ही छात्रों के माध्यम से वृक्षारोपण योजना चलाने का निर्णय लिया था;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार ने उक्त योजना के अंतर्गत समेकित समुदाय आधारित वन प्रबंधन एवं संरक्षण योजना आई०सी०एफ०आर०ई०, देहरादून और वन पर्यावरण विभाग के संयुक्त व्यवधान में नहरों एवं बांधों पर वृक्षारोपण का कार्य कराने का निर्णय लिया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शाहाबाद के चारों जिले भोजपुर, बक्सर, रोहतास एवं कैमूर में बांधों, नहरों के किनारे एवं सड़कों पर उक्त योजना के तहत वृक्षारोपण का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

* 2066. श्री छोटेलाल राय--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत जलालपुर प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केन्द्र नियमित रूप से संचालित नहीं होते हैं जिसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा विगत एक वर्ष पूर्व जिलाधिकारी से की गयी, लेकिन इस संबंध में आजतक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इस कृत के लिए दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

दर्जा देना

* 2067. श्री श्रवण कुमार--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (मा० शिक्षा०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के अन्तर्गत उच्च विद्यालय, मघड़ा एवं प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय, नूरसराय को 10+2 का दर्जा अभीतक नहीं दिया गया है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त दोनों विद्यालय को 10+2 का दर्जा देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सुविधा से वंचित

* 2068. श्री विनोद नारायण झा--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (मा० शिक्षा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार ने मधुबनी जिला के बेनीपट्टी में लीलाधर उच्च विद्यालय, बेनीपट्टी को वर्ष 2009 में मॉडल स्कूल का दर्जा दिया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय को मॉडल स्कूल का दर्जा मिलने के पश्चात् भी अभीतक मिलने वाली सुविधा से वंचित है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मॉडल स्कूल को मिलने वाली सुविधा खण्ड (1) में वर्णित विद्यालय को कबतक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

चुनाव कराना

* 2069. श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार--क्या मंत्री, मानव संसाधन (उ० शिक्षा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि 1983 के बाद बिहार में किसी भी विश्वविद्यालय में छात्र संघ का चुनाव नहीं हुआ है, यदि हां, तो क्या सरकार राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में छात्र संघ का चुनाव कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

समान वेतन देना

*2070. डॉ० अच्युतानन्द--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (प्रा०शिक्षा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1)क्या यह बात सही है कि वर्ष 2007 में राज्य में एम०डी०एम०सी० मध्याह्न योजना के अधीन समान योग्यता, कार्यकल्प एवं वेतन के आधार पर सभी जिला एवं प्रखण्डों में साधन सेवियों का नियोजन किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि जून, 2010 में मानव संसाधन विकास विभाग के पत्रांक 8/वि० एम०डी०एम०सी०/21/2008/540 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2010-11 में मानदेय में परिवर्तन कर जिला एवं प्रखण्ड साधन सेवियों के मानदेय में 2000 रुपये का अन्तर कर दिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जिला एवं प्रखण्ड साधन सेवियों को समान वेतन (मानदेय) देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

लागू करना

*2071. श्री अवधेश कुमार राय--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (उ० शिक्षा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार के पत्रांक 362, दिनांक 28 फरवरी, 1982, 1380, दिनांक 19 अगस्त, 1982, 604, दिनांक 29 अप्रील, 1983 तथा 605, दिनांक 29 अप्रील, 1983 के द्वारा बेगूसराय जिलान्तर्गत रामविलास महाविद्यालय तेयाय, तेघड़ा, बेगूसराय में 17 शिक्षक एवं 20 शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के पद 400-950 के उस समय लागू यू०जी०सी० वेतमान में किया गया था जिस आदेश का अनुपालन अभीतक नहीं हुआ है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक यू०जी०सी० वेतमान लागू करना चाहती है ?

----------

शिक्षक की प्रतिनियुक्ति

*2072. श्री परमानन्द ऋषिदेव--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (मा० शिक्षा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखण्ड के कलावती उच्च विद्यालय में विगत 5 वर्षो से गणित एवं विज्ञान विषय के शिक्षक प्रतिनियुक्त नहीं है, जिसके कारण उक्त विद्यालय में पढ़नेवाले छात्र एवं छात्राओं को गणित एवं विज्ञान विषय का पाठन नहीं होता है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में गणित एवं विज्ञान विषय के शिक्षक की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

मरम्मती कराना

*2073. श्री विनोद नारायण झा--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (उ० शिक्षा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बेनीपट्टी अनुमंडल में एकमात्र अंगीभूत कॉलेज कालीदास विद्यापति साईस कॉलेज, उच्चैठ का भवन वर्ष 2004 में बाढ़ से क्षतिग्रस्त हो गया था जिससे वर्षात के मौसम में छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में दिक्कत हो रही है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त महाविद्यालय भवन को कबतक मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

कार्रवाई करना

*2074. श्री सोनेलाल हेम्ब्रम--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गणतंत्र दिवस एवं स्वतंत्रता दिवस के दिन सरकारी कार्यालयों एवं सरकारी विद्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने का प्रावधान है;

(2) क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत कटोरिया प्रखण्ड के मोधावाडी पंचायत के चान्दनधारा प्राथमिक विद्यालय में 26 जनवरी, 2011 को गणतंत्र दिवस के दिन राष्ट्रीय ध्वज नहीं फहराया गया;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोषी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

राशि उपलब्ध करना

*2075. श्रीमती पुनम देवी यादव--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि तिलकामांझी विश्वविद्यालय भागलपुर के कोशी महाविद्यालय, खगड़िया के कल्याण छात्रावास वर्ष 2004 और 2007 के भीषण बाढ़ में ध्वस्त हो गया है जिससे छात्रों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार छात्रवास का जीर्णोद्धार हेतु राशि उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

उत्पात की रोकथाम

*2076. श्री आलोक रंजन--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के कहरा प्रखण्ड के बनगांव चैनपुर एवं पररी पंचायतों में बंदरों के उत्पात से पिछले 5 वर्षों से किसान परेशान हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्त्ता सदस्य द्वारा वर्ष 2010 में जिलाधिकारी, सहरसा को लिखित शिकायत के बावजूद इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड(1) में वर्णित पंचायतों में बन्दरों के उत्पात की रोक-थाम हेतु कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

अधिसूचित करना

*2077. श्री रामेश्वर प्रसाद--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दिनांक 29 दिसम्बर, 2009 को तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर के सीनेट की बैठक में फाल्गुनी प्र० यादव डिग्री कॉलेज, चकाई, जिला जमुई की मान्यता प्रदान की गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के पत्रांक बी०1510, दिनांक 29 जनवरी, 2010 के द्वारा बिहार सरकार मानव संसाधन विभाग की सम्पुष्टि एवं अधिसूचना भेजी गयी है, जो अभीतक विभाग में लम्बित है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कॉलेज की मान्यता की सम्पुष्टि करते हुए अधिसूचित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्कूल खोलना

*2078. डॉ० इजहार अहमद--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत किरतपुर, बिरौल एवं गौराबौराम प्रखण्ड में मॉडल स्कूल नहीं रहने के कारण छात्र-छात्राओं को शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जनहित में प्रत्येक प्रखण्ड में एक-एक मॉडल स्कूल खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पदस्थापन करना

*2079. श्रीमती पुनम देवी यादव--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिले के गोगरी अनुमंडल अंतर्गत दीप नारायण रामकृष्ण उच्च विद्यालय, बसुआ कोयला को सरकार द्वारा वर्ष 2008-09 में इन्टर उच्च विद्यालय में उत्क्रमित किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में छात्र के अनुपात में शिक्षक एवं कमरा नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार छात्र के अनुपात में कमरा का निर्माण एवं शिक्षकों की पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

उत्क्रमित करना

*2080. श्री जनक सिंह --क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (मा० शिक्षा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत तरैया विधान-सभा क्षेत्र के मध्य विद्यालय, छपिया बीचला टोला, उ० म० वि०, उसुरी कला, म० वि०, टेढ़ा, म० वि०, अमरदह, म० वि० पचभिंडा, म० वि० सरेया बसंत, उ० म० वि० हरपुरफरीदन, कन्या म० वि०, पड़ौना, म० वि० परौना बालक, उ० म० वि० बगडीहा, उ० म० वि० महम्मदपुर, म० वि०, धनौती, उ० म० वि०, तुर्की में पठन-पाठन करनेवाले छात्र-छात्राओं को उक्त क्षेत्रों में उच्च विद्यालय नहीं रहने के कारण आगे की शिक्षा ग्रहण करने हेतु 10 कि०मी० की दूरी तयकर जाना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*2081. डॉ० अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत महिषी प्रखण्ड के पस्तवार गाँव में दो आंगनबाड़ी केन्द्र स्थापित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दो केन्द्रों में से एक केन्द्र संख्या 102 विगत एक वर्षों से बंद है तथा विभाग से पोषाहार का उठाव किया जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*2082. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2007 में ही राज्य के महादलितों की सामाजिक एवं आर्थिक उन्नयन हेतु विशेष कार्य योजना की मंजूरी दी गई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना के अंतर्गत महादलित बस्तियों को पक्की सड़कों से जोड़ना एवं भूमिहीनों को भूमि उपलब्ध कराने एवं शत-प्रतिशत भवन उपलब्ध कराने की दृष्टि से 400 करोड़ की स्वीकृति दी गई थी;

(3) क्या यह बात सही है कि अभीतक महादलितों के उन्नयन कार्य हेतु संबंधित योजनाओं को लागू करने के लिए सरकार द्वारा ठोस कदम नहीं उठाया गया है जिसके कारण उनके बीच निराशा व्याप्त है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार महादलितों के आर्थिक एवं सामाजिक उन्नयन हेतु ठोस पहल करते हुए इस दिशा में त्वरित कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

राशि देना

*2083. श्री बैद्यनाथ सहनी--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के मैट्रिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को सरकार द्वारा प्रोत्साहन राशि के रूप में 10 हजार रुपये दी जाती है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2009-10 में प्रोत्साहन राशि उपलब्ध नहीं रहने के कारण समस्तीपुर जिला के पटोरी, ताजपुर एवं मोरवा प्रखण्ड के मैट्रिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के बीच प्रोत्साहन की राशि का वितरण नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन की राशि देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

प्रारम्भ कराना

*2084. श्री राम सेवक सिंह--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (उ० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के हथुआ विधान-सभा क्षेत्र के अन्तर्गत एक भी बी० एड० कॉलेज नहीं है जिससे इस क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को बी० एड० की शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार हथुआ विधान-सभा क्षेत्र में बी० एड० की पढ़ाई को प्रारम्भ कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

निष्कासन का दण्ड

*2085. श्रीमती उषा विद्यार्थी--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (मा० शिक्षा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित परीक्षा में नकल के आरोप में पकड़े गए छात्रों को जेल भेजा जाता है, जिससे अवयस्क छात्रों के उज्जवल भविष्य एवं मनःस्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त छात्रों को सिर्फ परीक्षा से निष्कासन का दण्ड देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भुगतान करना

*2086. श्री गिरिधारी यादव--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत बेलहर प्रखंड स्थित बेलहर प्रोजेक्ट माध्यमिक विद्यालय के प्रबंध समिति द्वारा नियुक्त शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के वेतन का भुगतान पिछले तीन वर्षों से नहीं किया जा रहा है, यदि हां, तो क्या सरकार शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के वेतनादि भुगतान करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

कार्रवाई करना

*2087. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के प्राणपुर प्रखंड अन्तर्गत बरझल्ला पंचायत के धीरगंज हरफरा गांव में विगत् 10 वर्षों से बंदरों द्वारा उत्पात मचाया जा रहा है जिसके कारण स्थानीय निवासियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्त्ता सदस्य ने विगत् वर्ष 2010 में बंदर से उत्पात रोकने हेतु जिला पदाधिकारी, कटिहार से अनुरोध किया था जिसपर आजतक कोई कार्रवाई नहीं हुई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बंदरों का उत्पात रोकने हेतु कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

बस चलाना

*2088. श्री कुमार शैलेन्द्र--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत नारायणपुर रेलवे स्टेशन से भाया लत्तीपुर चौक होते हुए भागलपुर बस स्टैण्ड तक सरकारी बस के परिचालन नहीं होने के कारण यहां के लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार इस पथ पर सरकारी बस चलवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

पदस्थापन करना

*2089. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के उजियारपुर प्रखंड के राजकीय बुनियादी विद्यालय, नाजीरपुर में 849 छात्र एवं छात्राएँ अध्ययनरत हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में मात्र 10 शिक्षक ही पदास्थापित हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में छात्रों के अनुपात में शिक्षकों का पदस्थापन करने का विचार रखती है, यदि हो, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रा० विद्यालय बनाना

*2090. श्रीमती मंजू हजारी--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के रोसड़ा प्रखंड के पाँचुपर फकीराना टोला में प्राथमिक विद्यालय नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार प्रा० विद्यालय बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

कॉलेज खोलना

*2091. श्रीमती डॉ० उषा विद्यार्थी--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पालीगंज अनुमंडल में डिग्री कॉलेज नहीं है, जिसके कारण छात्र-छात्राओं डिग्री स्तर की पढ़ाई करने में कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि माननीय मुख्य मंत्री द्वारा 2008 में विकास यात्रा के दौरान पालीगंज अनुमंडल में डिग्री कॉलेज खोलने की घोषणा की गयी थी ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पालीगंज अनुमंडल में डिग्री कॉलेज खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

परिचालन करना

*2092. श्री रमेश ऋषिदेव--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत कुमारखंड, सिहेंश्वर एवं शंकरपुर प्रखंड में विगत् 5 वर्षों से राज्य परिवहन बिहार के बस का परिचालन नहीं हो रहा है, जिसके कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में बस का परिचालन करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

विद्यालय खोलना

*2093. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनसाही प्रखण्ड के फुलहारा पंचायत अन्तर्गत बसन्तपुरा, मैरा, फुलहारा, गोरगाँवा, लहसा गांव, दलित, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग बहुल इलाका है, जहां कन्या उच्च विद्यालय नहीं है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार गोरगांवा मध्य विद्यालय के समीप कन्या उच्च प्रोजेक्ट विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कॉलेज खोलना

*2094. श्री दिनेश कुमार सिंह--क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बाबू वीर कुंवर सिंह देश प्रसिद्ध स्वातंत्रतासेनानी की जन्म भूमि भोजपुर जिलान्तर्गत जगदीशपुर में इंजीनियरिंग कॉलेज खोलने की मांग स्थानीय लोगों द्वारा राज्य सरकार से 20 वर्षों से लगातार की जा रही है, लेकिन इस दिशा में आजतक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जगदीशपुर में बाबू वीर कुंवर सिंह के नाम पर इंजीनियरिंग कॉलेज खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

उत्क्रमित करना

*2095. डॉ० फैयाज अहमद--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बिस्फी प्रखंड के मध्य विद्यालय, शिवौल 10+2 उच्च विद्यालय में उत्क्रमित होने की सभी अर्हताएं को पूरा करता है, लेकिन इसे आजतक उत्क्रमित नहीं किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार मध्य विद्यालय, शिवौल को 10+2 उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

बस चलाना

*2096. श्री छोटे लाल राय--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत छपरा, गड़खा, भेल्दी, सोन्हों, परसा एवं शीतलपुर से पटना की दूरी 120 कि०मी० है, लेकिन इस पथ पर बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की बसें नहीं चलायी जाती हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथ पर बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की बस चलाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन का निर्माण

*2097. श्री अशोक कुमार--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत पुराने जेल परिसर में वीमेंस कॉलेज खोलने का वर्ष 2006 में सरकार द्वारा निर्णय लिया गया था, लेकिन आजतक भवन का निर्माण नहीं कराया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार समस्तीपुर पुराने जेल परिसर में कबतक महिला महाविद्यालय के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है ?

निर्माण कराना

*2098. श्री कुमार शैलेन्द्र--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के बिहपुर प्रखंड अन्तर्गत कन्या उच्च विद्यालय, सोनवर्षा में चहारदीवारी नहीं है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय की चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

संस्थान खोलना

*2099. श्री गोपाल जी ठाकुर--क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बहेड़ी, बेनीपुर एवं बिरौल अनुमंडल में एक भी आई०टी०आई० संस्थान नहीं है, जिसके कारण छात्र-छात्राओं को कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त अनुमंडलों में एक-एक आई०टी०आई० संस्थान खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्यालय खोलना

*2100. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के पानापुर एवं तरैया प्रखंड में बालिका उच्च विद्यालय नहीं रहने के कारण उक्त क्षेत्रों की बालिकाओं को शिक्षा ग्रहण करने में कठिनाई हो रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में बालिका उच्च विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

राशि उपलब्ध कराना

*2101. श्री संजय सिंह टाईगर--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत कोईलवर प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय, कोसिहान में वर्ष 2009-10 में वर्ग-3 (तीन) से 5 (पांच) तक के कुल छात्रों की संख्या 102 थी;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त छात्रों में से मुख्य मंत्री पोशाक योजना के तहत सिर्फ (53) तिरपन छात्रों को ही पोशाक की राशि दी गई है, जबकि (49) उन्चास छात्रों को राशि के अभाव में इस योजना का लाभ नहीं मिल पाया है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शेष (49) उन्चास छात्रों को पोशाक की राशि उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मानदेय का भुगतान

*2102. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (उ0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के अन्तर्गत महाविद्यालयों में वर्ष 1983 से तदर्थ रूप से कार्यरत व्याख्याताओं की संख्या 130 है;

(2) क्या यह बात सही है कि विश्वविद्यालय द्वारा उन तदर्थ व्याख्याताओं का जून, 1997 से ही मानदेय का भुगतान नहीं हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त तदर्थ व्याख्याताओं के लंबित मानदेय का भुगतान कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

भुगतान करना

*2103. श्री अख्तरूल ईमान--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास ( मा0 शि0 ) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 1984-85 कोटि के प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय, सोन्था, (कोचाधामन) जिला किशनगंज में स्वीकृत मानक मण्डल के आधार पर नियुक्त एवं कार्यरत अप्रशिक्षित योग्याताधारी स्नातक शिक्षकों को विभागीय सेवा मान्यता अबतक प्रदान नहीं किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 1984-85 कोटि के ही प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय, धमतौल (किशनगंज) में कार्यरत अप्रशिक्षित योग्यताधारी स्नातक शिक्षकों को विभागीय सेवा मान्यता वर्ष 1990 में मिल गया है तथा उन्हें वेतन का भुगतान भी किया जा रहा है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रोजेक्ट बालिका उ0 वि0, सोन्हा में कार्यरत अप्रशिक्षित स्नातक शिक्षकों को प्रोजेक्ट उ0 विद्यालय, धनतौल के आधार पर विभागीय मान्यता देते हुए वेतन भुगतान करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

जीर्णोद्धार कराना

*2104. श्री रमेश ऋषिदेव- क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत मुरलीगंज प्रखण्ड के०के०पी० महाविद्यालय, मुरलीगंज के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति छात्रावास विगत 5 वर्षों से जर्जर है, यदि हां, तो सरकार उक्त छात्रावास का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

संचालित करना

*2105. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले के बैकुण्ठपुर प्रखण्ड के ग्राम पंचायत उसरी कुर्मी टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र वित्तीय वर्ष 2003-04 से स्वीकृत है, लेकिन इसका संचालन आजतक नहीं किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार स्वीकृत स्थल पर आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

हस्तान्तरित करना

*2106. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत वर्ष 1912 से 1972 तक कटिहार निबंधन कार्यालय एवं 1968 से 1972 तक वारसोई निबंधन कार्यालय का निबंधित दस्तावेज पूर्णियां अभिलेखागार में जमा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 1972 में कटिहार जिला बनने के बाद भी कटिहार एवं वारसोई निबंधन कार्यालय का दस्तावेज कटिहार निबंधन अभिलेखागार में हस्तान्तरित नहीं हो सका है जबकि वर्ष 1973 से निबंधन कार्यालय कटिहार में अभिलेखागार है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पूर्णियां अभिलेखागार से दस्तावेज कटिहार अभिलेखागार में हस्तान्तरित करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

छात्रावास बनाना

*2107. श्री उमाकान्त यादव--क्या मंत्री, पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बाबूबरही प्रखंड के उच्च विद्यालय, बाबूबरही में पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए छात्रावास नहीं होने से उन्हें कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए छात्रावास बनाने का विचार रखती है ?

------

उत्क्रमित करना

*2108. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत दरभंगा नगर निगम क्षेत्र में सर्वोदय उच्च विद्यालय अवस्थित है जो 10+2 में उत्क्रमित होने की सारी अहर्ता पूरी करती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त उच्च विद्यालय को +2 में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

निर्माण कराना

*2109. श्री विनय कुमार सिंह--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बालिकाओं के लिए प्रखंड के छात्रवास खोलने की योजना 2009 से विभाग में लम्बित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि छात्रावास नहीं खुलने से छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार छपरा जिलान्तर्गत दिघवारा एवं सोनपुर प्रखंडों में छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

वेतन का भुगतान

*2110. श्री ललन राम— क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (प्रा०शिक्षा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2005 में नियुक्त पंचायत शिक्षक एवं प्रखंड शिक्षक 45 प्रतिशत से अंक के क्रम वाले भी नियुक्त की गई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा पत्रांक 604, दिनांक 12 अप्रील, 2005 के अनुसार संशोधित कंडिका 8 संकल्प सं० 845, न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता इण्टरमीडिएट या समकक्ष निर्धारित है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार 2005 से बहाल जो शिक्षक अभी कार्यरत हैं, के बकाये वेतन का भुगतान करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

प्रारंभ करना

*2111. श्री विभाष चन्द्र चौधरी—क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कुर्सेला प्रखंड के अयोध्या प्रसाद उच्च विद्यालय, कटिहार प्रखंड के मध्य विद्यालय, हफलागंज एवं आजमनगर के मध्य विद्यालय, देना, बगछल्ला में एक-एक स्टेडियम निर्माण हेतु वित्तीय वर्ष 2008-09 में स्वीकृति प्रदान की गई लेकिन आजतक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालयों में स्टेडियम निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों में स्टेडियम निर्माण कार्य प्रारंभ कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

----------

वेतन का भुगतान

*2112. श्री जाकीर हुसैन खान—क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मध्य विद्यालय, सिकन्दरा, नवादा एवं नवादा जिला के अन्य सभी गैर-सरकारी प्रारंभिक विद्यालय, पहली जनवरी, 1971 से राजकीय प्रारंभिक विद्यालय हो जाने के फलस्वरूप इन विद्यालयों के शिक्षकों तथा शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को सरकारी सेवकों की तरह विहित वेतनमान दिनांक 1 अप्रील, 1973 से वेतन भुगतान प्रारंभ करने एवं दिनांक 1 जनवरी, 1971 से 31 मार्च, 1973 तक की अवधि के बकाये वेतन की राशि शिक्षकों के भविष्य निधि में जमा कर देने का आदेश सरकार के विशेष सचिव, शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षकों की सूची के साथ जिला शिक्षा अधीक्षक, नवादा को राजकीय पत्रांक एस/अ०-2-01/97 (शिक्षा) 601, दिनांक 2 मार्च, 1981 के द्वारा दिया गया था, लेकिन उक्त पत्र के आलोक में बकाये वेतन का भुगतान आजतक नहीं किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को वेतन भुगतान कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

*2113. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह—क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के नबीनगर में अनुग्रह ना० स्मारक महाविद्यालय में चहारदीवारी नहीं है, यदि हां तो क्या सरकार उक्त महाविद्यालय में चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

गठन नहीं करना

*2114. श्री कृष्ण कुमार ऋषि— क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला के बनमनखी एवं जानकी नगर में स्थित अम्बेकर आवासीय उच्च विद्यालय में प्रबंधन समिति के अध्यक्ष माननीय विधायक को वर्ष 2006-07 में बनाया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि अम्बेदकर आवासीय उच्च विद्यालयों में प्रबंधन समिति द्वारा प्रत्येक माह में बैठक कराया जाता एवं प्रबंधन समिति के सचिव स्कूल के प्रधानाध्यापक होते हैं;

(3) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला अम्बेदकर आवासीय विद्यालय, जानकी नगर एवं बनमनखी में तीन माह बीत जाने के बाद भी अभीतक प्रबंधन समिति का गठन नहीं किया गया है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त आवासीय विद्यालय में प्रबंधन समिति का गठन नहीं करने का क्या औचित्य है ?

----------

कमरों की कमी

*2115. श्री देवंती यादव— क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलाअन्तर्गत भरगामा प्रखंड के खजुरी पंचायत का महर्षि में ही संस्कृत उच्च विद्यालय में कमरों की कमी है,शौचालयों भी नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का भवन एवं शौचालय बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*2116. श्री अजीत कुमार--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2009 में राज्य सरकार द्वारा घोषित मैट्रिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण छात्राओं को मुख्य मंत्री बालिका मेधा छात्रवृत्ति योजना के तहत प्रति छात्रा दस-दस हजार रु० देना है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस योजना के तहत वर्ष 2009-10 में मुजफ्फरपुर जिला छोड़ राज्य के अन्य सभी जिलों के आर्हता रखने वाले छात्राओं को उक्त योजना का लाभ मिला है;

(3) क्या यह बात सही है कि शिक्षा विभाग के लापरवाही के कारण मुजफ्फरपुर जिले के अर्हता रखने वाली एक हजार छात्राएं इस सुविधा से वंचित रह गयीं हैं;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस लाभ से वंचित मुजफ्फरपुर जिले के छात्राओं को उक्त राशि मुहैया कराने तथा दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

स्टेडियम का निर्माण

*2117. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे की--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत परैया प्रखंड में एक भी स्टेडियम नहीं है जिससे उक्त क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपना प्रतिभा निखारने का मौका नहीं मिलता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखण्ड के अशोक उच्च विद्यालय के प्रांगण में स्टेडियम बनाने के लिए पर्याप्त जमीन उपलब्ध है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

विद्यालय खोलना

*2118. श्री ललन राम--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत कुटुम्बा प्रखंड में मात्र एक ही कन्या उच्च विद्यालय अम्बा में अवस्थित है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कुटुम्बा प्रखण्ड के कुटुम्बा एवं सण्डा में कन्या उच्च विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*2119. श्री अवनीश कुमार सिंह--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत हरसिद्धि प्रखंड के पंचायत हसुआहां, मानिकपुर ग्राम हसुआहां में उच्च विद्यालय नहीं रहने के कारण उस क्षेत्र के छात्रों को कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार हसुआहां अवस्थित मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पटना:

दिनांक 29 मार्च, 2011 (ई०) ।

गिरीश झा,

प्रभारी सचिव,

बिहार विधान-सभा।

बि०स०मु० (एल०ए०), 157-डी०टी०पी०